श्री कल्पनाथ राय : मैं यह कह रहा था कि वैद्यलिंगम आयोग की रिपोर्ट है कि जनता सरकार के प्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई और उनका बेटा, चौधरी चरण सिंह और उसका परिवार, दामाद और लड़का सब बेईमान और भ्रष्ट हैं। उनके खिलाफ कड़ी कारवाई की जानी चाहिए। मैं वैद्यलिंगम आयोग की रिपोर्ट आपके सामने पढ़ रहा हूं। इस पर किसी को क्यों आब्जेक्शन है। अगर मैं गलत कह रहा हूं तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। आप इस तरह की बात क्यों करते हैं। कोई भी व्यक्ति तब तक ईमानदार है जबतक कानून के अन्तर्गत उसे भ्रष्ट साबित नहीं किया जाता आप बार-बार इस पर बहस करते हैं, पार्लियामेंट के कितने ही दिन आपने इस पर खराब कर दिये हैं। एक भी प्रमाण नहीं दे पाए और इसके बावजूद भी आप कह रहे हैं कि भ्रष्टाचार है, वह भ्रष्टाचारी है, यह भ्रष्टाचारी है। क्या किसी जिम्मेदार व्यक्ति को ऐसा बोलने का आपको अधिकार है? जब किसी पर करप्शन साबित नहीं हुआ तो कैसे आप करप्ट कह सकते है। माफ कीजिए मैं बताना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार बुनियादी रूप से पूंजीवादी व्यवस्था मे पैदा होता है। गरीबी, भ्रष्टाचार उसी के पेट से पैदा होती है। पूंजीवादी व्यवस्था को हमने धीरे-धीरे तोड़ते हुए समाजवादी व्यवस्था को अपनाया है। हम डेमोक्रेटिक तरीके से चल रहे हैं। अगर तुम वहां रह कर गर्बाचोव या चीन के खिलाफ बोले तो साइबेरिया की जेल में रख दिये जाओगे इस बारे में वहां पर बहस नहीं कर सकते।

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: You don't know. Mr. Madhu Limaye moved a resolution and brought out a letter which Mrs. Gandhi had written to a Gujarat monopolist asking for funds. Pandit Jawaharlal Nehru was alive. Consult the Lok Sabha.

श्री कल्पनाथ राय : इतनी ही बात कहना चाहता हूं कि अगर इन्दिरा गांधी

[श्री कल्पनाथ राय]

और राजीव गांधी ईमानदार नहीं हैं तो इस मुल्क का एक आदमी भी ईमानदार नहीं हो सकता। (व्यवधान) इतिहास जिसके बारे में बताता है कि उसके परिवार ने कितनी तकलीफों से कुर्बानी दी है, जिसकी नसों में देश-भक्ति प्रवाह होती है क्या तुम उसका मुकाबला कर सकते हो आप तो ऐसी-ऐसी पार्टियों के नाम लेते हो जिनके नेता वही हैं जो केवल दूसरों के पैसों पर निर्भर रहते हैं, नाच-गाना ही जिनका काम रहा, नम्बर दो का पैसा जिन्होंने कमाया शर्म आनी चाहिए आपको उनको अपना नेता बनाते हुए। ऐसे ही लोगों की बात करते हैं आप बिना वजह। भ्रष्टाचार का बुनियादी रूप है पूंजीवाद की व्यवस्था जिसके पेट से पैदा होती है गरीबी, जिसके पेट से भ्रष्टाचार पैदा होता है। हम कांग्रेसी लोग उस पूंजीवादी व्यवस्था को जनतांत्रिक तरीके से धीरे-धीरे तोड़ कर समाजवादी व्यवस्था में लाने का प्रयत्न कर रहे हैं। हम लाए भी हैं। हम सर्वहारा तानाशाही के माध्यम से नहीं डेमोक्रेटिक तरीके से ला रहे हैं। चीन और रूस में कोई हड़ताल नहीं कर सकता और न कोई भ्रष्टाचार का नाम ही ले सकता है। अगर कोई इसका नाम लेगा तो साइबेरिया की जेलों में डाल दिया जायेगा, मौत के ऊपर तान दिया जायेगा। हमने अपने देश में स्वीकार किया है डेमोक्रेसी, सोशलिज्म, सेक्युलरिज्म और नेशनलिज्म। ये चारों गुण आपकी रूसी व्यवस्था में नहीं है। आपकी चीनी व्यवस्था में नहीं है आपकी कपटलिस्ट व्यवस्था में नहीं है। हिन्दुस्तान ही एक ऐसा देश है जिसने डेमोक्रेसी; सोशलिज्म को अडाप्ट किया है। इस प्रकार की हमारी प्रणाली है। (व्यवधान) हमारे मित्र चिल्ला रहे हैं। अवधेश सिंह जी और सत्य प्रकाश मालवीय जी चिल्ला रहे हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज दुनिया में जो मुल्क हैं वे दो खेमों में बैठे हुए हैं। जैसा श्री सुकोमल सेन जी ने कहा, जो समाजवादी राष्ट्र हैं उन राष्ट्रों में भी भ्रष्टाचार है, लेकिन वे ऐसे समाजवादी राष्ट्र हैं जो पूंजीवादी राष्ट्रों से घिरे हुए हैं। दुनिया में एक-तिहाई आबादी समाजवादी देशों की है और दो तिहाई पूंजीवादी देशों की है। इसका खतरा हमारे जैसे समाजवादी गणतंत्र को भी है। मैं भी मानता हूं कि समाजवादी व्यवस्था में सबसे कम भ्रष्टाचार होता है। लेकिन जब तक दुनिया में पूंजीवादी व्यवस्था है तब तक कोई भी सरकार इस चीज को दूर नहीं कर सकती है। यह बिल इसलिए लाया गया है कि हमारी व्यवस्था के अन्तर्गत मेक्जीमम तरीके से भ्रष्टाचार को रोकने की कोशिश की जाय। आप जानते हैं, इस वक्त कर्नाटक में जनता पार्टी की सरकार है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि–

Corruption started in Karnataka when Mr. Hegde became the Finance Minister.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: Before that, there was no corruption?

SHRI KALPNATH RAI: No. मैं श्री सुकोमल सेन, श्री र अवधेश सिंह श्री निर्मल चटर्जी और श्री मालवीय जी से कहना चाहता हूं कि आप मेरे साथ कर्नाटक चलिये। वहां लोग आपसे कहेंगे, Nijalingappa was honest, Jatti was top honest. Hanumanthaiya was top honest. But corruption started in Karnataka politics when Mr. Hegde became the Finance Minister. मैं कहना चाहता हूं कि यह वास्तविकता है, इसको आपको स्वीकार करना चाहिए। आज दुनिया में क्या स्थिति है? दुनिया में जो पूंजीवादी देश हैं वे विकासशील देशों में सरकारों का तख्ता पलटने के लिए करप्शन की दुहाई देकर सारे काम कर रहे हैं। Mr. Nirmal Chatterjee, you are a knowledgeable man.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: No, I do not proclaims it.

श्री कल्पनाथ राय : पूंजीवादी देशों की यह एक टेक्नीक है कि जिन देशों में प्राइम मिनिस्टर या प्रेजीडेंट उनके इशारों पर काम नहीं करते हैं वहां पर वे करप्शन के इशू को लेकर जनता को गुमराह करते रहते हैं । भ्रष्टाचार-भ्रष्टाचार के नारे लगाकर जनता की आखों में धूल झोंकते हैं और फिर मिलिटरी और ब्यूरोक्रेसी के साथ मिलकर उस देश का तख्ता पलट देते हैं । सन् 1972 में आपने क्या देखा ? शेख मुजीबुर्रहमान 15 सालों तक जेल रहे और जब वे बंगलादेश सत्ता में आए तो साम्राज्यवादियों ने उनको स्वीकार नहीं किया और करप्शन का बहाना लेकर उनके सारे परिवार की हत्या कर दी गई और उसके बाद वहां पर ऐसी सरकार बनाई गई जो साम्राज्यवादियों के इशारों से चलने लगी । पाकिस्तान में भी भ्रष्टाचार का मामला उठा कर वहां के प्रधान मंत्री को फांसी पर लटका दिया गया । यही हाल बर्मा और अन्य एशिया और अफ्रीका के देशों में हुआ है । मैं कम्युनिस्टों से कहना चाहता हूं कि जर्मनी के अन्दर हिटलर ने क्या किया ? उसने पावर में आते ही जर्मन पार्लियामेंट पर आग लगा दी और उसके बाद लाखों कम्युनिस्टों की गर्दन कटवा दी । यही हालत चीली में हुआ है । साम्राज्यवादी बेशक ईमानदारी का नाम लेकर आते हैं, लेकिन वे आपकी भी गर्दन काट देंगे । इन्दिरा गांधी ने आपकी गर्दन नहीं काटी, राजीव गांधी आपकी गर्दन नहीं काटेंगे, लेकिन आप जिनके साथ कंस्लेव करने जा रहे हैं वे आपकी गर्दन जरूर काटेंगे, पहले वे आपको साफ करेंगे । इसको आप समझने की कोशिश कीजिए । आदरणीय उपसभापति महोदया, उनकी यह एक टेकनीक है और उसके अनुसार राजीव गांधी के खिलाफ एक हवा बनाई जा रही है । मैं हिन्दुस्तान के बाम पंथी दलों और विशेषकर समाजवाद पर विश्वास करने वाले साथियों से अपील करना चाहता हूं कि आप सत्ता में आ जाइये हमें कोई आपत्ति नहीं लेकिन जब तक आप सत्ता में आने की हैसियत नहीं रखते हैं तब तक आप दक्षिण पंथियों के चक्कर में न पड़िये जो कि साम्राज्यवादियों के इशारे पर यह कह रहे हैं । ...(**व्यवधान**)...आदरणीय उपसभापति महोदया, राजीव गांधी दुनिया के सौ विकासशील देशों के नेता हैं । राजीव गांधी की आवाज दुनिया की सबसे तगड़ी आवाज है । इस आवाज को मत दबाओ । अगर राजीव गांधी की आवाज कमजोर होगी तो समाजवाद दुनिया में मजबूत नहीं होगा, दुनिया में जंग-बाज मजबूत होंगे, रेसिस्ट मजबूत होंगे, दुनिया में लूट-खसोट करने वाले साम्राज्यवादी मजबूत होंगे । याद रखिये, दूसरे की नाक काटने के पहले अपनी नाक मत काटिये यह मेरी आपसे प्रार्थना है । मैं जानता हूं कि आप ईमानदार आदमी हैं आप आइये लेकिन जब आप अपने छोटे मोटे दलों को नहीं चला पाते, उनके टुकड़े-टुकड़े कर डालते हो तो जिस पूरे राष्ट्र को आपने देखा भी नहीं होगा उसको कैसे चलायेंगे? पहले तो मैं आपको यह राय देना चाहता हूं कि कन्या कुमारी से लेकर काश्मीर और अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात तक देख लीजिये कि हिन्दुस्तान कितना बड़ा है । इसको देखने के बाद आप अपनी अक्ल का परिचय दीजिए । उपसभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि यह राष्ट्रीय सवाल है, यह व्यक्तियों का सवाल नहीं है । जब तक हम सभी लोग मिलकर इस सवाल पर एक नहीं होंगे, सत्तारूढ़ पार्टी के नेता और विरोधी पार्टियों के सारे नेता मिलकर राष्ट्र में ईमानदारी, सच्चाई, कर्त्तव्यनिष्ठा और

[उपसभाध्यक्ष (श्री एच० हनुमनतप्पा) पीठा सीन हुए]

देशभक्ति को नहीं लायेंगे तभी राष्ट्र से भ्रष्टाचार खत्म हो सकता है । जब एक पीपुल्स मूवमेंट बनेगा, जनशक्ति तथा लोकशक्ति बनेगी तभी भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वातावरण बनेगा और समाज में उनका अपमान होगा । श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश के सबसे बड़े ब्लैकमार्केटियर्स, होल्डर्स और स्मगलर्स के खिलाफ कार्यवाही की लेकिन जब आप सत्ता में आये तो इन लोगों का उद्धार करने के लिये आपने इनको छोड़

[श्री कल्पनाथ राय]

दिया और हाजी मस्तान से लेकर ढोलकिया तक सब को जेल से छोड़ दिया । यह आप समझ लीजिये कि बुराई से लड़ना बहुत कठिन है । श्री राजीव गांधी ने सत्ता में आने के बाद सबसे पहले सच्चाई, ईमानदारी, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय एकता की बात की । आप उनकी सही बातों में उनका साथ दीजिये । कोई बात गलत हो तो गर्दन पकड़ लीजिये । लेकिन बिना गलत बात के ही भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाने से देश की जनता गुमराह नहीं होने वाली है । आप जितना प्रचार करेंगे उससे डबल हम करेंगे, हम आपकी बातों का मुंह तोड़ जवाब देंगे । उपसभाध्यक्ष महोदय, ...(**व्यवधान**)... मैं पूछना चाहता हूं कि बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी की हुकूमत है और ज्योति बसु वाम पंथी है और यह बड़ी अच्छी बात है । लेकिन वहां क्या हो रहा है जो आई० आर० डी० पी० का लोन मिलता है वह कम्युनिस्टों को मिलता है और जो कम्युनिस्ट न हों उनके खलिहानों को जलाया जाय, उनके बैलों को छीन लिया जाय, उनका कत्ल कर दिया जाय तो मैं पूछना चाहता हूं कि यह करप्शन है या नहीं । ...(**व्यवधान**)...मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बंगाल में आर० एल० जी० ई० पी०, एन० आर० ई० पी० के अन्तर्गत जो कुछ भी हो रहा है वह गलत हो रहा है । ...(**व्यवधान**)... यू० पी० में हो रहा है तो गलत है, कहीं भी हो रहा है तो गलत है । अगर बिहार में हो रहा है तो गलत है । चाहे वह किसी भी पार्टी की सरकार हो अगर कहीं ऐसा होता है तो गलत है । यह केवल बंगाल की ही बात नहीं है, शायद आप भी इससे सहमत होंगे । उपसभाध्यक्ष महोदय, आज बंगाल में जो कुछ एन० आर० ई० पी०, आई० आर० डी० पी० के नाम पर किया जा रहा है, करोड़ों करोड़ रुपये जो गरीबों के लिये है, जो देश के सर्वहारा वर्ग को मिलना चाहिए वह उनको नहीं दिया जा रहा है, यह बहुत गलत है । इसी गरीबी हटाओ कार्यक्रम के लिए पैसा जा रहा है । करोड़ों रुपये जा रहे है । यह कम्युनिस्ट है तो इसको दे दो, जो, यह कांग्रेस पार्टी का है, इसने कांग्रेस को वोट दिया है, इस की गर्दन उड़ा दो, बैल छोड़ दो, खलिहान जला दो, इसको मार कर भगा दो (**व्यवधान**)

श्री निर्मल चटर्जी : ऐसा बोलना ही भ्रष्टाचार है (**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई पार्लियामेंटरी कमेटी बना दो, आडवाणी जी को उसका चेयरमैन बना दो । अगर मेरी बात सही नहीं होगी तो मैं पार्लियामेंट से इस्तीफा दे दूंगा । क्या बात करते हैं आप ? क्या एडमिनिस्ट्रेटिव करप्शन करप्शन नहीं होती ? जो कम्युनिस्ट है उनको दे दो और जो कम्युनिस्ट नहीं है उनकी गर्दन उड़ा दो । बंगाल में यह हो रहा है (**व्यवधान**) आप लोग चुनाव लड़े हैं; कैसे आप लोग चुनाव लड़े हैं ? आपने रुपया किस से लिया है ? ज्योति बसु ने रुपया इकठ्ठा किया है या नहीं किया है ? तुम पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी की बात करते हो, कहते हो हमारी जीपें पानी से चली है, हम बिना पैसे के चुनाव लड़े हैं । कोई मानेगा इसको ? बीस बीस गाड़ियां दौड़ा हैं, करोड़ों रुपये खर्च किये हैं बंगाल में चुनाव में । कहां से यह रुपया आया, टेल मी दी सोर्स आफ मनी । बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी ने कितना रुपया चुनाव में खर्च किया है और वह रुपया कहां से आया है ? Tell me the source of that money.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: We are prepared to tell you. Are you prepared to hear me?

SHRI KALPNATH RAI: All right, tell me.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: I myself collected with a box in my hand.

SHRI KALPNATH RAI: Yet no photo came in the papers.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: This is normal work for us. Photographs are not necessary. If you do that, you will be photographed. If a man bites a dog that becomes news. If you go out and do it, it will be news. For me it is no news. All our party members, including Mr. Jyoti Basu, collect in this way. Are you prepared to hear this? That is why I said it.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, **(व्यवधान)** जरा सुनिये। हमारे मित्र चटर्जी कह रहे हैं कि हमने डिब्बा ले कर चन्दा इकठ्ठा किया। अगर डिब्बा ले कर मांगते होते तो निश्चय ही एक दो फोटों पत्रकारों ने कहीं न कहीं लिये होते। इनकी पार्टी के लोग कह रहे हैं। इनकी पार्टी के लोग कह रहे हैं हम लोगों ने डिब्बे ले कर चन्दा मांगा और करोड़ों रुपये मांगे और उस करोड़ों रुपयों से हम चुनाव लड़े हैं। यह सोच लीजिये, यह पाखंड उचित नहीं **(व्यवधान)**

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: Just another piece of information for you. Each and every one, each of our members pays to the party Rs. 1750 per month as Members of Parliament. You don't do that. That is the difference between your party and our party.

श्री कल्पनाथ राय : हम देते हैं पैसा। हमारी तनख्वाह से कटता है। जा कर देख लीजिये। हमारी पार्टी को हम पैसा देते हैं। जो पैसा हम लोग देते हैं वह हमारी पार्टी का पार्लियामेंट में ही खर्च चलाने के लिए काफी नहीं होता है और यह कह रहे कि मेरी तनख्वाह से जो पैसा कटता है उसी से हम बंगाल का चुनाव लड़े हैं। **(व्यवधान)** कौन मानेगा इस बात को। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि कोई ऐसा प्रिसिपल इवाल्व कीजिए सारे राजनैतिक दलों को कुछ इलेक्शन रिफार्म्स कीजिये कुछ चुनाव कानून में सुधार लाइये कि राजनैतिक दलों का जो पैसा होगा उसका सोर्स आफ मानी क्या होगा। इस पर कोई नेशनल कन्सेन्सस कीजिये और यह झूठ बोलने वाला काम बन्द कीजिये कि हम ने डिब्बा ले कर मांगा और उसी डिब्बे से चुनाव लड़ा। **(व्यवधान)**

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: You canont hold even your inner party elections, because of corruption. That you know. Because of corruption in the preparation of voters' lists, you cannot hold it, you know it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please conclude now.

श्री कल्पनाथ राय : यह हमारे पितातुल्य, हमारे बाप की उम्र के जब यहां असत्य बोलते हैं तो हमें तकलीफ होती है। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि जितनी भी पार्टियां है, सी० पी० एम० सी० पी० आई०, लोक दल (बहुगुणा), लोक दल (अजीत), कांग्रेस आदि सब मिल कर 24 घंटे बैठ कर के इस विषय में एक नेशनल कनसेंस तैयार करें कि हम इलैक्शन्स की फंडिंग कैसे करेंगे। कैसे रिकगनाइज पोलिटिकल पार्टीज होंगी। दूसरी बात हमें अपनी पार्टी से अपील करनी है.. **(व्यवधान)**

श्री कैलाश पति मिश्र : उसके लिए तारीख तय कराइये कि कब बैठा जायेगा, इस बैठक के लिए डेट्स तय कराइये कि किस किस दिन बैठा जाये।

श्री कल्पनाथ राय : अभी अभी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस पर नस्ली वाडिया जी की अध्यक्षता में रिसेप्शन कमेटी बनी है जो एक करोड़ रुपया देगी। इनसे पूछिए वह रुपया कहां से आयेगा। मिश्र जी सही है कि नहीं... **(व्यवधान)**

श्री कैलाश पति मिश्र : मैं आपको चुनौती देता हूं, आप इस बात को स्वीकार

[श्री कैलाश पति मिश्र]

करें कि हर पोलिटिकल पार्टी का एकाउंट चार्टर्ड एकाउंटेंट के द्वारा आडिट कराया जाये और सबका हिसाब कराया जाये ।

श्री कल्पनाथ राय : मैंने अभी कहा है कि आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर बम्बई में नस्ली वाडिया की अध्यक्षता में....

श्री कैलाश पति मिश्र : इसलिए कहता हूं कि आप इस चुनौती को स्वीकार करें कि हर पोलिटिकल पार्टी का एकाउंट चार्टर्ड एकाउंटेंट के द्वारा आडिट कराया जाये ।

श्री कल्पनाथ राय : बम्बई में आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर 60 लाख रुपया उद्योगपति नस्ली वाडिया की अध्यक्षता में जो एक समिति बनी है वह देगी... **(व्यवधान)** वह रुपया ये कहां से लाएंगे । ये भारतीय जनता पार्टी के लोग बम्बई में घुमेंगे कि हमें दीजिए .... **(व्यवधान)**

श्री कैलाश पति मिश्र : : आप सबका आडिट कराइये, आप इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं । इसलिए कहता हूं **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : कैलाश पति जी पाखंड और घमंड की मैली चादर ओढ़े जिंदगी बिताने से कोई लाभ नहीं हैं ।

श्री कैलाश पति मिश्र : : आप चुनौती स्वीकार करें कि हर पोलिटिकल पार्टी का एकाउंट आडिट कराया जाये ।

श्री कल्पनाथ राय: जब जनता पार्टी सत्ता में आई थी उसके इलक्शन मैनीफेस्टो में पहला सिद्धांत था कि सत्ता में आते ही दलबदल का कानून बनाएगी। लेकिन सन् 1977 से 80 बीत गया लड़ते-लड़ते मर गये लेकिन अपना वादा नहीं निभाया । कहने और करने में बहुत फर्क है ।

श्री कैलाश पति मिश्र : मैं आपको चुनौती दे रहा हूं ..(**व्यवधान**) हर पोलिटिकल पार्टी का एकाउंट आडिट कराया जाये ।

श्री राम अवधेश सिंह : बहस क्या है आप इस पाइंट का जवाब दीजिए ।

श्री कल्पनाथ राय : हमारे मित्र राम अवधेश जो जो बात कह रहे हैं, मैं राम अवधेश जी आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार कोई जानवर तो है नहीं कि मैं उसको पकड़ लाऊं । वह तो व्यवस्था की देन है । भारत सरकार कोशिश कर रही है कि जितना हो सके भ्रष्टाचार कम से कम हो तो इस काम के लिए ..

श्री राम अवधेश सिंह : आप खड़े रहिए अपने प्वाइंट पर आप इस चुनौती को स्वीकार करिये ।

श्री कैलाश पति मिश्र : आप इस चुनौती को स्वीकार करिये कि सब पोलिटिकल पार्टीज का एकाउंट आडिट कराया जाये ।

उपसभाध्यक्ष (श्री च० हनुमनतप्पा) : राम अवधेश जी आपका नाम भी है जब मौका आयेगा तब आप जवाब दीजिएगा अभी नोट कर लीजिए, ऐसे डिबेट में डिसकस नहीं करना है ।

श्री कल्पनाथ राय : मैं तो यह निवेदन कर रहा था कि हम जो एक पाखण्ड को झूठ की मैली चादर ओढ़ कर दिन भर चरित्र हत्या के चक्कर में रहते हैं, इससे न राष्ट्र बनेगा न लोकतन्त्र मजबूत होगा न राष्ट्रीयता मजबूत होगी, न समाजवाद मजबूत होगा, न देश मजबूत होगा । हम नहीं रहेंगे, न यह देश रहेगा इसलिए इस लोकतंत्र का चिराग जलता रहे राम अवधेश जी इसके लिए जरूरी है कि हम लोग एक दूसरे की चरित्र हत्या बन्द करें । यही चरित्र हत्या का दौर चलता रहेगा बढ़ता रहेगा हम कहें तुम भ्रष्टाचारी आप कहें हम भ्रष्टाचारी तो भ्रष्टाचारी करते करते हालत होगी

कि ठीक सिविलियन सर्वेंट एण्ड मिलिटरी बिल कम डाउन और देशों में जैसे होता है और आ जायेगा आर्मी, मारकर लाठियों से तोड़कर आपको बंद कर देगी जेल में, बहस बंद हो जायेगी। इसलिए कृपा करके यह मत कीजिए। आप ईमानदार देशभक्त हैं यह हम नहीं कहते हैं कि हम बिल्कुल युधिष्ठिर के अवतार हैं आप भी मत कहिए कि हम युधिष्ठर हैं और मेरी पूरी पार्टी भगवान की बनाई हुई है। मैं हाथ जोड़ता हूं कि भ्रष्टाचार के सवाल को एक राष्ट्रीय सवाल मानकर सरकार ने जो अच्छे कदम उठाये हैं उनको स्वीकार करें। अच्छी दिशा में चलने का प्रयास करें ताकि आजादी की लड़ाई के इतिहास को सामने रखकर हम भविष्य के सुहावने दिन का निर्माण कर सकें और राजीव गांधी के सपनों का शक्तिशाली भारत 21 वीं शताब्दी में बना सकें। इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद।

SHRI VALAMPURI JOHN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome this Bill. This Bill is a right step in the right direction. When one sees the definition of the clauses, I must admittedly say, one finds a very big leap forward in combating corruption in the country.

Mr. Sukomal Sen observed that he doubted the sincerity of the Minister, Mr. P. Chidambaram, in weeding out corruption. But I would choose to say, I would not doubt the integrity or the sincerity of the Minister, Mr. P. Chidambaram. I have reservation only on the sincerity of his Government.

Sir, I had some valid points to make on this Bill. But, I am sorry, Sir, I have to admit, after having been forced to hear Mr. Kalpnath Rai, most of the valid points that I was having, have now evaporated. I am so sorry to make this point because we are subjected to this kind of humiliation here in this House. I am prepared to accept that Mr. Kalpnath Rai is the geratest speaker that this century has produced in this country. If he wants, I am prepared to give it in writing. But I appeal, not to you, not to your Chair, but to your conscience. Sir, as a person, as an individual, are you going to allow this kind of utterances which are not truly responsible in this august House? There is no meaning in this. I can accept, when I see the Treasury Benches, their hands stretch in approval, they applaud. But I find their faces frown in disapproval. How long is this kind of dubious conduct of the Treasury Benches going to be allowed? By myself, I say today I will complain to the Prime Minister because he speaks nothing on this Bill, on its provisions. But he cannot utilise the floor of this House, and you cannot allow him to say whatever he likes. This is not right, and this is not parliamentary etiquette at all. You have to instruct us, you have to guide us and you have to guide us properly. I can find how they smile, then they laugh, then they resort to guffaw in disapproval of their own Member. I would like to say this. I am not advising anybody. I am too small for advising them. They are great people. But I would like to say assertively, because Mr. Kalpnath Rai entangles himself in this kind of a battle, unnecessary battle, he is denigrating the Prime Minister Rajiv Gandhi, Mrs. Gandhi, Pt. Jawaharlal Nehru. Very often, he drags the name of Mahatma Gandhi. What is this, Sir? I wanted to say something. I cannot leave this House and go out because my turn comes next. Necessarily I have to confine myself within the modest confinements of this House. I am forced to listen to him. When we listen, everything evaporates because no serious debate is there. I am totally forgetful today. I would like to submit to you, I thought something else was being debated, and not the anti-corruption Bill.

Sir, I must congratulate Mr. P. Chidambaram. I must compliment him. He has brought a comprehensive Bill. It is a right step in the right direction. I congratulate him for his wonderful work on this Bill. But, Mr. Chidambaram has

[Shri Valampuri John]

said in the lower House, in the other House that this Bill is not a comprehensive Bill, this is only a penal Bill, it creates offences and then it specifies penalities. Sir, I do not think that it is as simple as he has observed, as he has tried to observe; it is something more. I would go one after another.

The Prevention of Corruption Act, 1947 as well as other Central legislations are meant for combating corruption. But the Minister has categorically stated in the other House, though these are Central pieces of legislation, the common man feels the pinch of corruption only at the cutting edge, that is, the lowest level possible. So, these are Central legislations with very good intentions of combating corruption. At the State level, because the State machinery has to implement the Central legislation, because there is total lack of, or total absence of, will he says that the States have not summoned the will to weed out corruption, and that because of this, as there is total lack of will, as far as the States are concerned, corruption is not going to be weeded out, it has not been weeded out in the past. I can understand any other Minister trading charges against the States, as usual. But Mr. Chidambaram who is a learned person, whom I know for very many years now, is making this charge. I don't think what normally any Central Minister does, frowns in his usual way against the State administrations' performance, he is doing. I would like to ask him: If he says that the States have not implemented faithfully the Central pieces of legislation in combating corruption, does he speak this out of a comparative analysis of the performance of the individual cases between the Centre and the States or all the cases of the Centre and the States. You may have a number of CBI enquiries or a number of Central machineries may have gone into individual cases. But I am asking him a very specific question: When he charges that the States have not shown enough will and determination to combat corruption, does he have in his possession a comparative analysis and compartive study between the individual cases in the States and the individual cases at the Centre? Is it because of the comparative analysis and study that he is framing the change? Are his findings based on the studies. In a number of cases, in the Lower House he has said, the States have been responsible. So, I think he is in possession of the comparative analysis. Otherwise a Minister like Mr. P. Chidambaram, as a man as he is, would not have said so. So I would like to specifically ask him if he is in possession of a comparative analysis of the States as well as of the Centre in individual cases in the past five or ten years?

I would like to raise a very pertinent question here. Can he say with any stretch of imagination that the Centre is free of all the charges of combating corruption? What has happened to the recommendations of the Dharamvir Police Commission? He and everyone will accept in this country that the restructuring or revamping and raising of salary of the police has some thing to do with corruption, because constabulary as a force is meant to fight corruption. It is at the fighting end. From 1977, Dharamvir Commission has submitted 17 reports. If the Centre has got that kind of will and determination as against the States, which in the Minister's parlance they do not have. I would like to ask pointedly what has happened to the 17 reports from 1977 which Mr. Dharamvir has submitted to the Central Government? How many recommendations have been accepted and how many have been implemented.

I would also like to ask what has happened to the Lokpal Bill. Thrice earlier because of the dissolution of the Lok Sabha, the Bills had lapsed. But here I would like to ask why the present Lokpal Bill has been referred to the Joint Select Committee. The only reason is that certain dignitaries have been left out of the ambit of the Bill. If there is enough determination and enough will, as he says to combat corruption in the Central Government, they could have added these categories into the Bill, because these were the stumbling blocks. Only because of this the Bill has been referred to the Joint Select Committee. So, I would

like to ask whether he would absolve the Central Government of all the responsibility of fighting corruption, because they say they have the will and determination to fight corruption?

I would like to ask the Minister another very pointed question. That is in regard to definition of the word public servant. Mr. Sukomal Sen says this definition was there in the Santhanam Committee. But I would say there is a definite improvement in the definition. I compliment the Minister on this. For the first time something to this effect has been added. Now university teachers and officials have also been included. I know for certain that your definition of public servant is neither on the appointing authority nor on the remunerating authority. Your point of public servant here in Section 2 is only on public duty. This is the very philosophy of the whole gamut of your Bill. So, I would like to ask a very pertinent question, because I am waiting for an answer, whole India is waiting for an answer. Suppose there is an official or a teacher in an aided college. Do his acts of omission and commission come under the purview of Section 2 and its provisos? I am asking this question because there is a lingering doubt in the minds of all men. A teacher or an official is appointed by a private college or an aided college and is not dependent upon the Government. He does not draw his remuneration from the Government. In most of the States aided colleges spring up like mushrooms and they organise everything to conduct the affairs of the college or the school. So, when a specific employee in an aided school or college is not a public servant from the point of view of drawing remunerations, from the point of view of appointment or service regulations, can you bring him within the ambit of this Section and say he is a public servant? Will it not be an anomaly? If the Minister considers him a public servant there and not a public servant here, will it not be an anomaly? I would like to have a clarification on this point. The hon. Minister has been very clear in his assertion in the other House that Ministers have been included but not M.L.As. and M.Ps. He has not said it so but he has said something to this effect. I will come to that.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I did not say.

SHRI VALAMPURI JOHN: You have not said that. But you have said something to this effect. You have not used the word official capacity' but 'personal capacity'. I am using it for my convenience to explain. You have said that I have omitted the word 'official capacity'. You said that an M.P. or a Legislator for that purpose may have personal capacity and official. This official capacity may arise when he is an M.P. and a Chairman of a Board.

Apart from that if he holds any other responsibility, being an M.P., in that case things are different and it attracts this section. Otherwise, in his individual capacity if he does something, for his commissions and omissions, necessarily like othe ridividuals, his actions will be attracting other sections of the penal law. You have been quite clear on this.

SHRI P. CHIDAMBARAM: The Act is clear.

SHRI VALAMPURI JOHN: You are very clear on this point. But I would like to say another thing. You see in the Supreme Court in Antulay's case it was held that a Member of Legislative Assembly is not a public servant within the meaning of section 21 of the I.P.C. But the Minister has said. "I personally think that it is very difficult to say when an M.L.A. or M.P. becomes a public servant." He does not rule out that possibility.

SHRI P. CHIDAMBARAM: If he is quoting my speech in the Lok Sabha he should quote the entire paragraph. If he wants to ask me any question on any portion of the speech in the Lok Sabha, I am always willing to answer. But you cannot take one sensence of a paragraph and criticise that. I have made my position very clear. Now I will reply to the best of my ability how an M.P. or M.L.A. comes within the ambit of this Bill. I have tried to explain it in the Lok Sabha

[Shri P. Chidambaram]

and I will try to do so here within my limits and to the best of my capacity. But if you are quoting my speech, please quote the entire paragraphs. Don't take one sentence and then para phrase it and give your commentary on it. Read the whole paragraph, it is very cear. I have said that an M. P. or an M.L.A. will, in my opinion, come within the scope of this Bill in two situations..(Interruptions).

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYa: Why you have not provided it in the Bill?

SHRI P. CHIDAMBARAM: It is provided.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: No.....*(Interruptions)*.....

SHRI P. CHIDAMBARAM: Don't get excited. A law has to be made by Parliament. We make a law with certain intentions. We use a certain language. In my view and in my best judgement and on the best advice that I have, this is how we think an M.P. or M.L.A. will be covered. This is all that we can say while we are making a law. We believe that our interpretation will be accepted by the courts. If you find fault with our interpretation tell us where we should improve the bill, tell us how we should improve the language. A law is a matter of interpretation. We are acting according to the best legal advice available to us. We think we are right. That is why we are bringing this law before Parliament. As law-makers tell us where we should improve the law, where we should improve the language. What is the amendment we should make?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. John, have you concluded?

SHRI VALAMPURI JOHN: Not yet. You have allowed Mr. Kalpnath Rai one hour. Why don't you give me some more time? *(Interruptions)*.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You continue tomorrow.

SHRI VALAMPURI JOHN: All right.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Now, Papers to be laid on the Table.

—

PAPERS LAID ON THE TABLE

Notification of the Ministry of Finance (Department of Revenue)

SHRI BRAHM DUTT: Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to lay on the Table on behalf of my colleague, Shri Janardhan Poojary:

I. A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Finance (Department of Revenue) Notification No. 136/87-Central Excises dated the 11th May, 1987, prescribing concessional excise duty at the rate of 5 per cent ad-valorem on automatic cone winding machines falling within Chapter 84 of the Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985, together with an Explanatory Memorandum thereon. [Placed in Library. *See* No. 4453/87]

(II) A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Finance (Depaartment of Revenue) Notification No. 199/87-Customs, dated the 11th May, 1987, amending Notification No. 24/81-Customs dated the 1st October, 1981, so as to reduce the customs duty on Vinyl Chloride Monomer (VCM) for manufacture of PVC rasin from 25 per cent ad-valorem to 10 per cent ad- valorem under section 159 of the Customs Act, 1962 together with an explandory memorandum on the Notification (Placed in Library *see* No. LT-4452/87)

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal): Sir, I am on a point of order. Sir, all statements whether it is statement on revenue or expenditure, we should get a copy because we want to react to whatever has been spent. I understand why it has been mentioned at this point of time because it becomes operative. May I therefore request that in future, in such